भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 336**

22 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: किसानों द्वारा आत्महत्याएं**

336. श्री दीपक अधिकारी (देव):

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वेः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से अब तक देश में किसानों द्वारा की गई आत्महत्याओं की वर्ष-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों की जांच करने के लिए किसी समिति का गठन किया है, यदि हां, तो इसके प्रतिवेदन का मुख्य निष्कर्ष क्या है;

(ग) क्या सरकार ने आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवारों को मुआवजा प्रदान किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार किसानों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा के लिए कोई वैकल्पिक योजनाएं चला रही है; और

(ङ) किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा अब तक किए गए ठोस प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ङ): गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.) अपने प्रकाशन 'भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्याएँ" में आत्महत्याओं से संबंधित जानकारी संकलित और प्रसारित करता है। वर्ष 2022 तक की रिपोर्ट एन.सी.आर.बी. की वेबसाइट (https://ncrb.gov.in) पर उपलब्ध है।

कृषि राज्य का विषय है। राज्य सरकारों द्वारा राज्य के प्रावधानों और नियमों के अनुसार अनुग्रह राशि या राहत प्रदान की जाती है। भारत सरकार किसानों के कल्याण हेतु कार्यान्वित की जा रहीं योजनाओं के लिए उपयुक्त नीतिगत उपायों और बजटीय आवंटन के माध्यम से राज्यों की सहायता करती है। भारत सरकार की योजनाओं/कार्यक्रमों का उद्देश्य उत्पादन बढ़ाना, किसानों को लाभकारी रिटर्न और आय सहायता प्रदान करना है। सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के बजट आवंटन को वर्ष 2013-14 के बजट अनुमान 21,933.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान में 1,27,290.16 करोड़ रुपये

कर दिया है। कृषि क्षेत्र में किसानों की समग्र आय और लाभकारी रिटर्न बढ़ाने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आरंभ की गईं प्रमुख योजनाएँ/कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-के.एम.वाई.)
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पी.एम.एफ.बी.वाई.)/रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आर.डब्ल्यू.बी.सी.आई.एस.)
4. संशोधित ब्याज छूट योजना (एम.आई.एस.एस.)
5. एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (ए.आई.एफ.)
6. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) का गठन और संवर्धन
7. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एन.बी.एच.एम.)
8. नमो ड्रोन दीदी
9. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एन.एम.एन.एफ.)
10. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
11. स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए एग्री फंड (एग्रीश्योर)
12. प्रति बूंद अधिक फसल (पी.डी.एम.सी.)
13. कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एस.एम.ए.एम.)
14. परम्परागत कृषि विकास योजना (पी.के.वी.वाई.)
15. मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (एस.एच. एंड एफ.)
16. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आर.ए.डी.)
17. कृषि वानिकी
18. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सी.डी.पी.)
19. कृषि विस्तार उप-मिशन (एस.एम.ए.ई.)
20. बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एस.एम.एस.पी.)
21. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एन.एफ.एस.एन.एम.)
22. इंटीग्रेटेड स्कीम फ़ॉर एग्रीकल्चर मार्केटिंग (आई.एस.ए.एम.)
23. समेकित बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.)
24. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एन.एम.ई.ओ.)- ऑयल पाम
25. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एन.एम.ई.ओ.)- तिलहन
26. पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
27. डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन
28. राष्ट्रीय बांस मिशन

*****